(27)

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार सरकार

# कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज वन प्रमंडल, गोपालगंज।

थावे रोड, जंगलिया, गोपालगंज पीन कोड– 841428 ई. मेल– dfogopalganj2@gmail.com Mob No. 9471080005

पत्रांक 1226 / दिनांक 6/9/19 /

प्रेषक,

**अभिषेक कुमार सिंह, भा.व.से.**
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गोपालगंज वन प्रमंडल, गोपालगंज।

सेवा में,

वन संरक्षक,
सीवान अंचल, सीवान।

विषयः– **श्री विद्या सागर यादव द्वारा सीवान जिलान्तर्गत ग्राम–मोहिउदीनपुर के खाता संख्या 258, 268, 263 खेसरा संख्या 1668, 1669, 1670 में एस.एच. 47 पथ के किनारे IOCL का रिटेल आउटलेट स्थापित करने के कम में पहुँच पथ निमार्ण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् 0.01251 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

07/09/2019

**प्रसंगः–** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी, (वन संरक्षण) बिहार, पटना का पत्रांक एफ.सी. 574 दिनांक 06.05.2019 एवं श्री विद्यासागर यादव का आवेदन दिनांक 21.08.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक FC 655(ई0) दिनांक 03.05.2019 द्वारा वृक्षो के पातन पर रोक गलाई गयी है। विषयाधीन परियोजना के निमार्ण के कम में प्रवेश एवं निकास पथ निर्माण हेतु 05 वृक्षों के पातन का प्रस्ताव अनुशंसित है।

श्री विद्या सागर यादव द्वारा अपने आवेदन दिनांक 21.08.2019 द्वारा सूचित किया है कि उनके परियोजना निमार्ण के कम में प्रवेश एवं निकास पथ पर अवस्थित वृक्षों के बचाकर प्रवेश एवं निकास पथ का निमार्ण किया जायेगा। श्री यादव द्वारा प्रवेश एवं निकास पथ का संशोधित प्रस्ताव/नक्सा समर्पित किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 29.08.2019 को प्रयोक्ता एजेंसी श्री विद्यासागर यादव के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के कम में पाया गया कि प्रवेश पथ पर एक गोल्डमोहर (65 से0मी0) सुखा वृक्ष अवस्थित है, तथा प्रवेश पथ के बगल में एक गोल्डमोहर (60 से0मी0) वृक्ष विगत माह में आये ऑधी–पानी में गिरा हुआ पाया गया एवं निकास पथ पर कोई वृक्ष अवस्थित नहीं पाया गया।

अतः अनुरोध है कि 0.0151 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–1. क्षतिपुरक वनरोपण का संशोधित प्राक्कलन
2. नक्सा एवं GPS Ridding

विश्वासभाजन,

6/9/19
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गोपालगंज वन प्रमंडल, गोपालगंज।

D:\D.F.O. GOPALGANJ\F Drive\My Documents\PETROL PUMP\2018\Vidyasagar Yadav MODIFIED.docx